सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-22
13/01/2017

मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व की बधाई और शुभकामनाएँ दी

पटना, 13 जनवरी 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति और लोहड़ी पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनाऍ दी है। उन्होंने शुभकामना व्यक्त करते हुए कहा है कि मकर संक्रांति और लोहड़ी का पर्व लोगों के लिए सुख, शान्ति और समृद्धि लायेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्वों का सांस्कृतिक महत्व है। मकर संक्रांति के पावन स्नान के बाद लोग चूड़ा, दही, तिलकुट खाते और खिलाते हैं तथा इससे परस्पर प्रेम और सद्भाव बढ़ता है। नये फसलों के घर आने की खुशी में लोहड़ी पर्व को लोग मिलकर मनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग इन पर्वों को हर्षोल्लास तथा पारस्परिक स्नेह सौहार्द्र के साथ मनायें। इससे समाज में सामाजिक समरसता बढ़ेगी और सभी के सहयोग से एक खुशहाल विकसित और गौरवपूर्ण बिहार का निर्माण होगा।

******